दिन– बुधवार    दिनांक– 24 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।    अवधिः– 15 मिनट

---

01. बिहार विधानसभा ने पेपर लीक रोकथाम से संबंधित विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया। दोषियों को तीन से दस साल के कारावास और एक करोड़ रुपये के जुर्माना का प्रावधान।

02. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आम बजट में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को खारिज किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– विशेष पैकेज से राज्य में विकास की रफ्तार और तेज होगी। विपक्ष पर विशेष दर्जे को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

04. और, नेपाल में काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान एक विमान दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में अट्ठारह लोगों की मौत।

————————————————————————

बिहार विधानसभा ने पेपर लीक रोकथाम से संबंधित विधेयक को सर्वसम्मति से पारित कर दिया है। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद यह कानून राज्य में लागू हो जायेगा। इसके तहत पेपर लीक के मामलों को गम्भीर अपराध माना गया है। बिहार लोक परीक्षा, अनुचित साधन निवारण विधेयक दो हजार चौबीस में पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी से संबंधित अपराधों को गैर–जमानतीय बनाया गया है। इस विधेयक में दोषियों को तीन से दस साल के कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। विधेयक में कदाचार में लिप्त अभ्यर्थियों के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान है। दोषी पाये जाने पर अभ्यर्थियों को पांच से दस साल की सजा तथा दस लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा जो भी संस्था पेपर लीक में शामिल पायी जायेगी उसे काली सूची में डाल दिया जायेगा। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विधेयक को पेश करते हुये सदन को इसकी आवश्यकता से अवगत कराया।

———बाईट———

————————————————————————

इससे पूर्व बिहार विधानमंडल के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन आज आरक्षण, सिंचाई और बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। राजद, कांग्रेस, सीपीआईएमएल सदस्यों के विरोध प्रदर्शन के बीच विधानसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। आज सदन की

कार्यवाही शुरू होते ही आरक्षण के मुद्दे पर सरकार से जवाब की मांग करते हुये विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आ गये। सदस्य तख्तियां और पोस्टर लेकर नारेबाजी कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सदस्यों से शांत होकर अपनी जगह जाने की अपील की, जिसका हंगामा कर रहे सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित की गयी। इधर, विधानपरिषद में भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण विधायी कार्य निपटाने में लगातार बाधा उत्पन्न होती रही।

————————————————————————

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने आम बजट में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव बरतने के आरोप को खारिज किया है। आज राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष लगातार यह धारणा बनाने का प्रयास कर रहा है कि विपक्षी दलों वाले राज्यों को बजट में कुछ नहीं दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी बजट में हर राज्य का नाम नहीं लिया जा सकता। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर किसी विशेष राज्य का उल्लेख बजट भाषण में नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं कि केंन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ उन राज्यों को नहीं मिलेगा।

इससे पहले आज संसद के दोनों सदनों में बजट में कई राज्यों की अवहेलना का आरोप लगाते हुये कांग्रेस, सपा, टीएमसी और अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा और नारेबाजी की। राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस मुद्दे को उठाते हुए आरोप लगाया कि केन्द्रीय बजट सरकार को बचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि विपक्ष इसका विरोध करेगा।

———बाईट———

ये तो अन्याय के खिलाफ लड रहे हैं वो बजट में हमको कुछ नहीं मिला। सारे बहुत से स्टेट को नेगलेक्ट किया गया। ईवन बिहार और तेलंगाना को सिर्फ उनको जस्ट सेटिसफाई उन्होंने किया लेकिन उससे कोई फायदा होने वाला है नहीं।

श्री खडगे ने यह भी कहा कि विकास कैसे होगा जब बजट ही संतुलित नहीं है। बाद में विपक्षी दलों ने सदन से वॉकआउट किया। इधर, लोकसभा में भी इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। अध्यक्ष ओम बिडला ने इस पर आपत्ति दर्ज की और कहा कि सदन को शून्यकाल के दौरान योजनाबद्ध तरीके से बाधित करना सही नहीं है। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भी विपक्षी सदस्यों के व्यवहार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सर्वदलीय बैठक के दौरान सभी दलों के

नेताओं ने सदन की सुचारू कार्यवाही चलाने पर सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान विरोध प्रदर्शन उपयुक्त नहीं है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को विशेष पैकेज दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। विधानसभा में आज विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और राजद के विधायक हाय–हाय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद केंद्र में यूपीए सरकार में शामिल था, तब विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया गया।

———बाईट———

श्री कुमार ने कहा कि आरक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए भी हमारी पार्टी सुप्रीम कोर्ट तक गयी। श्री कुमार ने विपक्ष पर आरक्षण के मुद्दे पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

———————————————————————

नेपाल में, काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान आज नेपाली एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में अठारह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विमान मरम्मत कार्य के लिए उन्नीस कर्मचारियों और तकनीशियनों को लेकर पोखरा जा रहा था। चालक दल के सदस्यों में से एक व्यक्ति को बचा लिया गया है।

———————————————————————

आम बजट में बिहार में रेलवे की आधारभूत संरचना के विकास के लिए दस हजार तैंतीस करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इस राशि से राज्य में लम्बित पड़ी रेल परियोजनाओं को पूरा किया जा सकेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय बजट में कैंसर की तीन दवाओं से सीमा शुल्क हटा लेने के फैसले से कैंसर पीड़ित मरीजों और उनके परिजनों को राहत मिली है। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कल संसद में आम बजट में कैंसर की तीन अतिरिक्त दवाईयों पर सीमा शुल्क में छूट देने की घोषणा की थी। इन दवाओं में स्तन कैंसर के लिए ट्रैस्टुज़ुमैब डेरक्सटेकन, फेफडों के कैंसर के लिए ओसिमर्टिनिब और पित्त तथा फेफडों के कैंसर के लिए डुरबामुलैब शामिल हैं।

———————————————————————

नीट–यूजी परीक्षा–दो हजार चौबीस को रद्द नहीं करने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद सफल अभ्यर्थियों और अभिभावकों को राहत मिली है। इसके साथ ही देशभर में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आज से कॉउन्सलिंग प्रक्रिया शुरू हो गयी।

———————————————————————

भारतीय जनता पार्टी ने नीट–यूजी परीक्षा पर सवाल उठाने के लिए विपक्षी दलों पर निशाना साधा है। नई दिल्ली में आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में स्पष्ट किया है कि नीट परीक्षा की सुचिता से कोई समझौता नहीं किया गया, लेकिन विपक्षी दल देश को गुमराह कर रहे हैं।

———बाईट———

राहुल गांधी देश के बच्चों को, भारत की साख को क्यों बदनाम करते हैं। बार–बार ये ठीक नहीं है, पार्टी की ओर से हम बहुत भर्त्सना करते हैं विपक्ष के रवैये की, और विशेष रूप से राहुल गांधी के रवैये की जिस प्रकार से उन्होंने पिछले एक–डेढ महीने में देश में परीक्षा के खिलाफ अविश्वास का माहौल बनाया वो राजनीति करें लेकिन देश को कमजोर ना करें।

श्री प्रसाद ने कहा कि नीट परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत मिलते ही सरकार ने तत्काल कार्रवाई की और मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिये।

———————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय लंबित मामलों को निपटाने और सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए उनतीस जुलाई से तीन अगस्त दो हजार चौबीस तक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा। यह पहल सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तरवें वर्ष में एक मील का पत्थर है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उन नागरिकों से इस पहल से लाभ उठाने की अपील की है जिनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं।

———बाईट———

इस साल 29 जुलाई से तीन अगस्त तक भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने लोक अदालत का आयोजन किया है। इस साल सर्वोच्च न्यायालय अपने 75वें वर्ष की वर्षगांठ पर इस स्पेशल लोक अदालत का आयोजन करते हुए ये ध्यान में हमने रखना है कि सुप्रीम कोर्ट में काफी मामले नागरिकों के लंबित हैं और मैं आप सब से गुजारिश करता हूं, व्यक्तिगण से गुजारिश करता हूं, वकीलों से, एडवोकेट्स इन रिकॉर्ड से कि इस लोक अदालत में आप हिस्सा लें ताकि ये सारे जो मामले हैं उनमें क्या हम कर सकें इनका हम निवारण कर लें और शीघ्र लोगों को न्याय पहुंचाएं।

———————————————————————

वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों को रिमांड पर लिया है। दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ

रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में हत्याकांड में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे की कार्रवाई की जा रही है।

———————————————————————

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने शराबबंदी कानून के तहत दोषी पाते हुये एक आरोपी को पांच वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। एक लाख रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के बारूण थाना क्षेत्र अन्तर्गत भीषण सड़क दुर्घटना में मोटरसाईकिल सवार दो युवक की मौत हो गयी। थानाध्यक्ष कुमार सौरव ने बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

बेगूसराय के बखरी थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों से पुलिस ने अंतराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के पाँच अपराधियो को गिरफ्तार किया है। डीएसपी कुन्दन कुमार ने बताया कि पकड़े गए अपाराधियों के पास से चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

———————————————————————

कैमूर जिला पुलिस ने डेढ़ वर्षिय अपृहत बच्चे को कुदरा बाजार क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा ने बताया कि इस मामले में एक महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. बिहार विधानसभा ने पेपर लीक रोकथाम से संबंधित विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया। दोषियों को तीन से दस साल के कारावास और एक करोड़ रुपये के जुर्माना का प्रावधान।

02. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आम बजट में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव के विपक्ष के आरोपों को खारिज किया।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– विशेष पैकेज से राज्य में विकास की रफ्तार और तेज होगी। विपक्ष पर विशेष दर्जे को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।

04. और, नेपाल में काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान एक विमान दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में अट्ठारह लोगों की मौत।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।